**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 30-04-2007**

**Participants : Bhadana Shri Avtar Singh**

Title: Need to provide railway connectivity on Aligarh-Palwal-Alwar route .

**श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद) :** महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र फरीदाबाद में मेवात के लोग बहुत लंबे अरसे से वाया-मेवात, अलीगढ़-पल वल-अलवर रेल लाइन बिछाने, पलवल स्टेशन को जंक्शन बनाने और ओल्ड फरीदाबाद क्रासिंग पर अंडरपास बनाने की मांग करते आ रहे हैं। करीब 25 साल पहले रहीमपुर ब्रिज के उद्घाटन के मौके पर स्व0 प्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई ने, 1989 में श्री बंशीलाल ने और फिर 1997 में मेवात दौरे के दौरान नूंह में श्री देवगौड़ा ने जनता से इस रेल लाइन को बिछाने का वादा किया था। इसके लिए 13 साल पहले सर्वे भी हुआ था। खुद मैंने 1991 में संसद में इस लाइन को बिछाने का मुद्दा उठाया था। फरीदाबाद का मेवात क्षेत्र दिल्ली के बेहद करीब होने के बावजूद बहुत ही पिछड़ा हुआ है। वहां ढंग की सड़कें तक नहीं है। इस रेल लाइन के बिछने से मेवात क्षेत्र का तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध हे कि वे मेवाती जनता की इन तीनों मांगों को पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय को शीघ्र कार्र वाई करने के लिए निर्देश दें।

मेरे द्वारा विगत 1 र्वा में 5 बार मेरे क्षेत्र के दैनिक यात्रियों की समस्यायें लिखीं गईं, जिसमें नई दिल्ली-पलवल शटल को कोसी तक बढ़ाने के लिए मांग की गई थी, परंतु आज तक यह कार्य पूरा नहीं हो पाया। कृपया इसे पूरा कराने का कट करें।